दिनांकः 23.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। इसरो की ओर से की गई सौंवें रॉकेट की लॉंचिंग से स्पेस साइंस में नित नई ऊंचाईयां छूने के संकल्प का पता चलता है। श्री मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

------------------------------------------------------------

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में देश मजबूती से अपनी पहचान बना रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं।
इस महीने की 28 तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री ने श्रोताओं को सुझाव दिया कि वे अपना एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताएं। इसके लिए वे किसी अनुसंधान प्रयोगशाला, प्लै्नेटेरियम या फिर अंतरिक्ष केंद्र पर जा सकते हैं।
आठ मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये महिला शक्ति को सलाम करने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर वे नारी शक्ति को समर्पित पहल करने जा रहे हैं। इसके तहत प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रेरक महिलाओं को सौंपे जाएंगे। जिसके माध्यम से वे अपनी उपलब्धियां और अनुभव देशवासियों के साथ साझा कर सकती हैं।
प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देते हुए लोगों से भोजन में तेल की मात्रा कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खान–पान की आदतों में कुछ बदलाव कर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि इससे मोटापे से लड़ने में मदद मिलेगी।

------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि वे वन्य जीव संरक्षण से जुडे लोगों को प्रोत्साहित करें। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे परीक्षा योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बिना तनाव लिए सकारात्मक भावना के साथ अपनी परीक्षाएं दें।

------------------------------------------------------------

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज राजधानी जयपुर के दौरे पर रहेंगे। श्री धनखड़ का एक निजी विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है।
उधर, जोधपुर में आज राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कानूनी शिक्षा समाज में संवेदनशीलता के साथ कमजोर वर्ग की आवाज बनती है। वकीलों का पेशा गरीब और वंचितों की सेवा का बडा अवसर प्रदान करता है।

------------------------------------------------------------

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने विपक्ष से विधानसभा की कार्यवाही चलाने में सहयोगात्मक रवैया अपनाने की बात कही है। सदन में विपक्षी सदस्यों के गतिरोध पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी हठधर्मिता छोड़नी चाहिए। श्री पटेल और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कल देर रात कांग्रेस विधायकों से वार्ता की। उधर, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कथित आपत्ति वाले शब्द कार्यवाही से हटाने की मांग की। विधानसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित छह विधायकों के निलम्बन के बाद बना गतिरोध फिलहाल बरकरार है और कांग्रेसी विधायकों को धरना जारी है।

------------------------------------------------------------

प्रदेश में तापमान में लगतार उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में कई शहरों में बरसात और आंधी के दौर के बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई और हल्की ठंड का अहसास बना रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 25 फरवरी से तापमान में बढोतरी के आसार हैं।

-----------------------------------------------------